प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां

)सितम्बर, 2019)

*****

मुख्य कार्यकलाप और उपलब्धियाँ

- अब तक, लगभग 60,000 आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों को स्वीकृति दी गई है। एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 01 अक्तूबर, 2019 तक 21,555 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र प्रचालनरत हैं।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को जारी रखने संबंधी मंत्रिमंडल नोट मंत्रिमंडल को प्रस्तुत किया गया है।
- एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत टी-3 शिविर तथा डायरिया मुक्त कार्यक्रम के तहत डी-2 शिविर का उद्घाटन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर, 2019 को निर्माण भवन में किया गया।
- मीज़ल्स रूबेला (एमआर) अभियान चरएणबद्ध तरीके से फरवरी, 2017 से शुरू हुआ और अप्रैल, 2019 तक अभियान को 32 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में शुरू किया गया है। सितंबर, 2019 तक अभियान के तहत 32 करोड़ से अधिक बच्चों को टीका लगाया गया है।
- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग नियमावली, 2019 को निम्नानुसार अधिसूचित किया गया है: (i) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (सदस्यों की नियुक्ति और नामांकन की नीति, उनके वेतन, भत्ते और नियम और सेवा की शर्तें और परिसम्पत्तियों की घोषणा, पेशेवर और व्यावसायिक नियोजन) नियमावली, 2019; (ii) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, स्वायत्त बोर्ड (चौथे सदस्य की नियुक्ति की रीति और वेतन, भत्ते और सेवा के नियम, शर्तें और संपत्ति की घोषणा, अध्यक्ष और सदस्यों का पेशे और व्यवसाय में लगना) नियमावली, 2019; (iii) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (वार्षिक लेखा विवरण, वार्षिक रिपोर्ट एवं अन्य रिपोर्टें और विवरण प्रस्तुत करना) नियमावली, 2019; (iv) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, मेडिकल एडवाइज़री काउंसिल (रेसिडुअरी सदस्य की योग्यता और अनुभव) नियमावली, 2019; और (v) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (चिकित्सा पेशेवरों की सूची प्रस्तुतीकरण) नियमावली, 2019.
- 20 पीजी (ब्रॉड स्पेशियलिटी) पाठ्यक्रम को मान्यता देने वाली अधिसूचना जारी की गई है।
- माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्यमंत्री / उपराज्यपाल को 21 अक्तूबर, 2019 को ग्लोबल आयोडीन अल्पता विकार (आयोडीन अल्पता विकार) रोकथाम दिवस मनाने के लिए पत्र लिखा है।
- माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' -"राष्ट्रीय सामरिक योजना के लिए त्वरक" का 25 सितंबर, 2019 को शुभारंभ किया।
- प्रशिक्षित टीबी चैंपियंस के एक संवर्ग के निर्माण पर एक आवासीय कार्यशाला 23-25 सितंबर, 2019 को आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य टीबी पर्यवेक्षकों को टीबी चैंपियंस बनाने के लिए

उनका क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि वे अपने संबंधित क्षेत्रोंमें टीबी उन्मूलन कार्यकलापों का समर्थन, आउटरीच और रोगी-केंद्रित कार्यकलाप कर सकें।

- सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) ने दिनांक 19-20 सितंबर, 2019 को डॉक्टर अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में सभी 36 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रधान सचिवों (स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) के साथ पहली तिमाही समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों से संबंधित कुल 25 एजेंडा मदों पर विचार-विमर्श किया गया।
- विशेष सचिव (स्वास्थ्य) ने 'भारत में एचआईवी केसकेड में सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय वैश्विक एवं स्थानीय प्रमाण का एक दो दिवसीय परामर्श' दिनांक 05 सितंबर, 2019 को आयोजित किया। राष्ट्रीय एड्ससंगठन (नाको), राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों (एसएसीएस) के अधिकारियों, तकनीकी सहायक एककों के कार्यक्रम प्रबंधकों, वरिष्ठ विशेषज्ञों, सिविल सोसायटी, समाज के सदस्यों और सहभागी प्रतिनिधियों ने परामर्श में भाग लिया।
- विशेष सचिव (स्वास्थ्य) ने नई दिल्ली में 23 एवं 24 सितंबर, 2019 को उत्तरी जोन हेतु 25 एंटी-रिट्रोवायरल ट्रीटमेंट (एआरटी) केंद्रों के साथ, समीक्षा-सह-क्षमता निर्माण बैठक की अध्यक्षता की। इसका उद्देश्य इन केंद्रों में सेवा प्रदायगी को सुदृढ़ करना था।
- इलेक्ट्रॉनिक सिगरेटों एवं इसकी जैसी सामग्रियों तथा उनके भागों को 18 सितंबर, 2019 को "इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, विक्रय, वितरण, भण्डारण और विज्ञापन) अध्यादेश, 2019" के माध्यम से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इससे निकोटिन व्यसन के नए रूप से जनसंख्या विशेष रूप से बच्चों, किशोरों और युवाओं से रक्षा की जा सकेगी।
- भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने प्लास्टिक कूड़ा प्रबंधन एवं एफ एवं बी उद्योग में प्लास्टिक फुट प्रिंट के उपयोग में कमी लाने के लिए 'ईट राइट इंडिया फॉर सेस्टेनेबल लिविंग' नामक एक उपभोक्ता जागरूकता अभियान प्रारंभ किया।
- एफएसएसएआई के 'ईट राइट इंडिया' से ज्ञान साझा करने के लिए विश्व बैंक ने विवांता, गोवा में 26 सितंबर, 2019 को एफएसएसएआई के सहयोग में एक 'लाइट हाउस इंडिया' का आयोजन किया। 24 एशियाई देशों के प्रतिनिधियों - जो एशिया हेतु 21वें एफएओ /डब्ल्यूएचओ सत्र (सीसीएएसआईए 21) का भाग थे और विभिन्न भागीदारों / कार्पोरेट्स थे, ने इस समारोह में भाग लिया।
- फिरोजपुर, पंजाब में 100 बिस्तरों वाले पीजीआई सैटेलाइट सेंटर की स्थापना करने पर विचार करने हेतु 18 सितंबर, 2019 को डेलीगेटेड इंवेस्टमेंट बोर्ड (डीआईबी) की बैठक आयोजित की गई।
- सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए दिनांक 17 सितंबर, 2019 को राष्ट्रीय ई-संजीवनी (टेली मेडिसिन सॉल्यूशन) कार्यशाला आयोजित की गई।

****